कैंसर की नकली दवा बेचकर मरीजों को ठगते थे, 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से पीड़ित मरीजों को ठगने वाले और उन्हें महंगी कीमत पर दवा के नाम पर फंगल इन्फेक्शन की दवा बेचने वाले 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है. पिछले एक महीने में दिल्ली पुलिस ने केस से जुड़े पचास से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज किए और आरोपियों के खिलाफ 11 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की. जिन लोगों के बयान पुलिस ने दर्ज किए हैं, उनमें आठ ऐसे पीड़ित हैं, जिन्होंने इन ठगों से दवा खरीदी थी. इनमें एक परिवार ऐसा है जिसने अपने को खोया है. बिहार के मधुबनी की रहने वाली एक महिला को मुंह और फेफड़ों का कैंसर था परिवार वालों ने इस गैंग से चार इंजेक्शन 3 लाख 60 हजार में खरीदा था. बाद में महिला की मौत हो गई थी. कैंसर की नकली दवा बेचने वाले आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल पुलिस के मुताबिक आरोपी कैंसर की जीवन रक्षक दवा की शीशी में नकली दवा भरकर मरीजों को बेचते थे. शुरुआत में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था. उनके नाम विफल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, परवेज, कोमल तिवारी अभिनय कोहली और तुषार चौहान है. इनमें से नीरज गुरुग्राम का रहने वाला है जबकि अन्य 6 दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में रहते हैं.

Source: https://www.aajtak.in/india/delhi/story/top-cancer-hospitals-sold-empty-vials-of-chemotherapy-injections-to-fill-with-spurious-drugs-delhi-police-lclar-1986983-2024-07-17